सत्संग के बिना मनुष्य नहीं बन सकता विवेकवान : मनमोहन तिवारी

वृंदा धाम से पधारे परम पूज्य कथा व्यास आचार्य मनमोहन तिवारी ने श्रोताओं को भागवत पुराण कथा का रसपान कराया

तेजयुग न्यूज

अयोध्या : जनपद के मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के अलीपुर खजूरी मजरे पूरे गंगापाल तिवारी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराते हुए वृंदा धाम से पधारे परम पूज्य कथा व्यास आचार्य मनमोहन तिवारी ने श्रोताओं को भागवत पुराण कथा का रसपान कराया। भागवत कथा के तृतीय दिवस ध्रूव चरित्र सृष्टि क्रम का वर्णन की कथा करते हुए कहा कि ध्रूव जी महाराज अपने परिवार को त्याग कर भगवान श्रीहरि विष्णु जी को पाने के लिए जंगल में तपस्या के लिए निकल पड़े नारद ऋषि ने छोटे से 5 वर्षीय बालक ध्रूव को तपस्या के लिए निकलने पर देखकर बहुत ही द्रवित हो गए और जाकर रास्ते में ध्रुव जी को दर्शन देकर कहा बेटा कहां जा रहे हो ध्रुव जी महाराज ने कहा कि मैं भगवान को पाने एवं उनके दर्शन के लिए तपस्या करने जा रहा हूँ।

देव ऋषि नारद ने कहा कि अभी तुम बहुत छोटे हो जंगल में बहुत ही जंतु व राक्षस लोग टहलते रहते हैं घर को लौट जाओ लेकिन ध्रुव जी नहीं माने तो नारद जी ने कहा कि इस प्रकार से बिना गुरु के भगवान का दर्शन वह आराधना अधूरी रहती है। ऋषि के भजन सुनकर ध्रुव महाराज ने कहा कि आप ही मेरे गुरु बन जाइए यह बात सुनकर नारद ने कहा कि हम ही तुम्हें रास्ता बता रहे हैं और तुम मुझसे कह रहे हो तो आप ही गुरु बन जाइए। नारद जी को ध्रुव जी के वचन को सुनकर दया आ गई और उन्होंने ध्रुव जी को गुरु मंत्र दिया और कहा कि तुम्हें ॐ नमो भगवते वासुदेवाय का जाप करने से भगवान हरि विष्णु जी के दर्शन प्राप्त होंगे। नारद जी की बात मानकर ध्रूव जी महाराज ने जंगल में जाकर गंडक नदी के किनारे स्नान ध्यान कर एक बट वृक्ष के नीचे तपस्या में लीन हो गए। पहले दिन स्वल्पाहार किया फिर जल पिया तीसरे दिन पत्ते खाए फिर निराहार रहकर भगवान श्री हरि की तपस्या में लीन होकर हो गए और पांचवें दिन ऊ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करते हुए अपने स्वास को खींच लिया जिससे सारे ब्रह्मांड में हाहाकार मच गया। लोगों की सांस थमने लगी देवताओं ने भगवान हरि विष्णु के पास जाकर कहा कि भगवान हम लोगो की सांसे थम रही है प्राण निकल जाएंगे भगवान हरि विष्णु ने कहा कि मेरा एक छोटा सा भक्त तपस्या में लीन

है मुझे उसके पास जाना है।

भगवान श्री हरि विष्णु जी अपने नन्हे से भक्त ध्रूव जी के पास पहुंचे और कहा उठो आंखें खोलो मैं आ गया हूं लेकिन ध्रूव जी महाराज तपस्या में लेने थे भगवान ने अपने नेत्रों से उनके नेत्रों में प्रकाश डाला और ध्रुव जी की आंखें खुल गई देखा तो सामने साक्षात श्री हरि विष्णु जी खड़े हैं। और कहा मैं तुम्हारे तपस्या से बहुत प्रसन्न हूं कोई वरदान मुझसे मांगो धुर्व ने कहा कि भगवान जिसको आप साक्षात दर्शन दे रहे हैं उसको किसी वरदान की क्या आवश्यकता है मैं तो धन्य हो गया हूं भगवान हरि ने ध्रुव जी को अपनी गोदी में बिठा लिया। इस प्रकार भगवान जब भी आपका भक्त आपको याद करें तब तब आप उनको दर्शन देकर कष्ट को दूर करते हैं। आचार्य जी ने कहा कि भक्त ध्रुव के तरह से सभी मानव प्राणियों को भगवान की आराधना करनी चाहिए भगवान भाव के भूखे होते हैं जब भी आप भगवान को सोते जागते उठते बैठते नाम का जब करेंगे भगवान आपको दर्शन देकर आप सभी के कष्ट का निवारण करेंगे । कथा ब्यास महाराज जी ने कथा रस का पान कराते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का एक-एक शब्द अमृत के समान है। मनुष्य इसे पानकर अपने को धन्य बना सकता है। सत्संग को जो मनुष्य तन और मन लगाकर सुनते हैं उनका पूरा जीवन बदल जाता है। सत्संग में आने से विचार बुद्ध कर्म और आचरण बदलता है।

धीरे-धीरे सत्संग से पूरा जीवन बदल जाता है। आस्था और विश्वास ईश्वर को प्राप्ति करने के सरल साधन है। भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम होना जरूरी है। मनुष्य के मन में विकार व घृणा आती है। भगवान उनसे दूर हो जाते हैं। जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है। तो श्री हरिजी उसपर अनुग्रह करते हैं। उसे दर्शन देते हैं। व्यास जी ने ध्रूव जी की कथा के साथ-साथ सृष्टि क्रम का वर्णन की कथा पुनर्जन्मोपाख्यान की कथा का भी विस्तार से वर्णन किया। बड़े ही भक्ति भाव से श्रोताओं ने श्रोताओं ने कथा का रसपान किया। मुख्य यजमान अशोक कुमार तिवारी व उनके धर्मपत्नी नीलम तिवारी ने आरती पूजन किया ग्रामीण क्षेत्र से आये भक्तों राजेंद्र देव त्रिपाठी, विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी, शिवाजी तिवारी, राघव तिवारी, पद्मनाभम तिवारी, सचिन तिवारी, मुकुंद तिवारी, राजकुमार तिवारी ज्ञान प्रकाश तिवारी, सहदेव तिवारी, इंद्रपाल तिवारी, शारदा प्रसाद पांडे, श्यामनाथ तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी, रामदेव पान्डेय सहित बच्चों एवं मातृ शक्तियों ने कथा का श्रवण किया और प्रसाद ग्रहण किया।

संक्षिप्त समाचार

एसपी विनीत जायसवाल ने खोड़ारे थाने के संवेदनशील पोलिन्ग का किया निरीक्षण

गोण्डा। आज पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना खोड़ारे का निरीक्षण कर अब तक की गयी चुनाव सम्बन्धी तैयारियों का जायजा लिया गया तथा प्र.नि. खोड़ारे को चुनाव सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात महोदय द्वारा चुनाव के दृष्टिगत जनपद गोण्डा को आवंटित होने वाली पैरामिलिट्री फोर्स के थाना खोड़ारे में रूकने/ठहरने के लिए किए गए पुलिस प्रबंधो को मानक के अनुरूप निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा भारी पुलिस बल के साथ खोड़ारे थाना क्षेत्र के अन्तर्गत चिन्हित संवेदनशील/अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उप -जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कोटेदारों को इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीन का हुआ वितरण

अयोध्या : सोहावल तहसील सभागार में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा उप -जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कोटेदारों को नई इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीन का वितरण किया गया। क्षेत्र के 2 ब्लाक सोहावल और मसौधा से जुड़े 165 कोटेदारों को उप- जिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी की अध्यक्षता में नई इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीन का वितरण किया गया। जिससे कि राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लायी जा सके। इस मौके पर सप्लाई इंस्पेक्टर शशांक सिंह चौहान तकनीकी जिला प्रबंधक पवन कुमार वर्मा दीपांकर वर्मा सहित कोटेदार मौजूद रहे।

मोतीगंज पुलिस ने मारपीट करने के 02 आरोपी अभियुक्तों को दबोचा

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के कम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा के नेतृत्व में थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्तों- 01.जीवनलाल, 02. सूरज को गिरफ्तार कर लिया गया। वादी राममूरत पुत्र डेवन ग्राम नई बस्ती इमिलिया महेवा गोपाल थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा द्वारा थाना मोतीगंज में सूचना दी गयी कि जमीनी विवाद के चलते विपक्षी निब्बू लाल, जीवनलाल, सूरज व प्रेमलाल द्वारा गाली-गुप्ता देते हुए मुझे मारा-पीट गया है तथा जान से मारने की धमकी दी गयी है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मोतीगंज में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान दोषी पाए आरोपी अभियुक्तों जीवन लाल व सूरज को आज दिनांक 05.03.2024 को थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

कोतवाली नगर पुलिस द्वारा जानलेवा हमला के वांछित अभियुक्त को दबोचा



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी गोण्डा मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना को. नगर पुलिस द्वारा सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कप्तान सिंह उर्फ भूपेन्द्र सिंह को कचहरी गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। वादी आशुतोष शुक्ला पुत्र सुधाकर शुक्ला निवासी ग्राम पौड़ीबरा थाना कौड़िया जनपद गोण्डा द्वारा थाना को. नगर पर लिखित सूचना दी गयी थी कि आज समय लगभग 13.00 बजे अपने साथी विष्णुदेव तिवारी (दोनों पेशे से मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव है) के साथ एससीपीएम हॉस्पिटल से वापस आ रहे थे कि गली के बाहर गाड़ी टकराने को लेकर कुछ लड़को से कहासुनी हो गई थी जिसमें स्थानीय लोगो ने बीच बचाव करवाया उसके बाद हम लोग डॉ. रजिया मुश्फीक से मिलकर आर.एन. पाण्डेय हॉस्पिटल की तरफ जा रहे थे कि रास्ते में जाते समय सकसेरिया स्कूल के पास घात लगाकर बैठे लड़कों द्वारा पिस्टल लहराते हुए मारपीट की व सुतली बम फेंक कर जानलेवा हमला कर दिया जिसमे हम लोग बाल-बाल बचे है। सूचना पर थाना को. नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसमें उक्त अभियुक्त वांछित चल रहा था। थाना को. नगर पुलिस टीम द्वारा वांछित चल रहे अभियुक्त कप्तान सिंह उर्फ भूपेन्द्र सिंह को कचहरी गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को. नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

बेमौसम बारिश की मार, किसान हुए लाचार!

किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसानों से काटा जाता है फसल बीमा का प्रीमियम

तेजयुग न्यूज

गोण्डा । जिले में बेमौसम बारिश की मार से किसान लाचार हो गये है। किसानों के गाढ़ी कमाई की गेहूँ की फसल बरसात और हवा से गिरकर तबाह हो गयी है। हर साल बैंकों से केसीसी धारक किसानों से प्रधान मंत्री फसल बीमा का पैसा तो वसूला जा रहा है परंतु किसानों को क्षति पूर्ति दिलाने में बैंक और सरकार फिसडडी साबित हो रही है।

बेमौसम बारिश की कहर से जिले सहित देवी पाटन मंडल के चारों जिलों के किसान कराह रहे हैं क्योंकि उनके सालों की गाढ़ी मेहनत की कमाई फसल गेहूँ, सरसों,पर बेमौसम बारिश और ओला तबाह कर गया।अब

किसानों के सामने आजीविका कि संकट उत्पन्न हो गया है।बैंकों से किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत केसीसी धारक किसानों से फसल बीमा के नाम पर बीमा प्रीमियम तो काट लिया जाता है। परंतु इस तरह से दैवी आपदा आने पर किसानों उसकी क्षति पूर्ति दिलाने में बैंक और सरकार फिसडडी साबित हो रहे हैं। बेमौसम बारिश की मार से किसान लाचार हो गये हैं।उनकी गाढ़ी कमाई की गेहूँ की फसल बरसात और हवा और ओले से गिरकर तबाह हो गयी है।खेतों में पानी भरा है।गिरी हुई फसल खेतों में सड़ रही है।किसानों की फसल तबाह होने फसल बीमा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले के किसानों ने सरकार से फसल बीमा का लाभ दिलाने की मांग की है।



वजीरगंज पुलिस ने दुराचारी को धरदबोचा

तेजयुग न्यूज

गोण्डा । पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी गोण्डा राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज सौरभ वर्मा के नेतृत्व में गठित थाना वजीरगंज पुलिस टीम द्वारा 5एल/6 पॉक्सो ऐक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रिंस गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया।

थाना वजीरगंज क्षेत्र की रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा थाना वजीरगंज में लिखित तहरीर दी गयी की विपक्षी प्रिंस गुप्ता द्वारा उनकी नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले गया है। वादी की तहरीर पर थाना वजीरगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना उ0नि0 दुर्गेश कुमार द्वारा की जा रही थी। विवचेना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त प्रिंस गुप्ता को थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा आज दिनांक 05.03.2024 को कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत गिरफ्तार कर लिया गया।

पीड़िता द्वारा 164 सीआरपीसी के तहत दिए गए बयान के तहत धारा 366,376 भादवि व 5एल/6 पॉक्सो ऐक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

मदरसा इस्लामिया फ़ैज़ुल उलूम छीतरपारा में आयोजित हुआ तालीमी व इस्लाही कान्फ्रेंस

आलोक गुप्ता

उतरौला (बलरामपुर) : क्षेत्र के मदरसा इस्लामिया फ़ैज़ुल उलूम अल्लाह नगर छीतरपारा में आयोजित तालीमी व इस्लाही कान्फ्रेंस में इटावा के मौलाना जरजीस सिराजी ने तौहीद और शिर्क पर बयान करते हुए कहा कि हजरत मुहम्मद [सल्ल.] दीन-ए-इस्लाम के आखरी पैग़म्बर हैं। दरअसल जब से दुनिया वजूद में आयी है, यानी आदम [अलै.] से लेकर हजरत मुहम्मद [सल्ल.] तक धर्म या दीन तो एक ही रहा है यानि दीन-ए-इस्लाम। अल्लाह तआला ने हर कौम और हर जगह अपने सन्देश वाहक यानि पैगम्बर भेजे हैं। हजरत मुहम्मद [सल्ल.] इस सिलसिले की आखरी कड़ी हैं। आदम [अलै.] ने तौहीद यानि एक खुदा को मानना और अल्लाह की ज़ात व उसकी सिफात में किसी को शरीक न करने की शिक्षा दी।

जैसे जैसे ज़माना तरक्की करता चला गया वैसे वैसे अल्लाह के पैगम्बर नयी नयी शिक्षाएँ लाते गए मगर बुनियादी शिक्षाएँ यानि [एक खुदा को मानना?? और अल्लाह की ज़ात व उसकी सिफात में किसी को शरीक न करना] हर पैगम्बर ने बताई और उस पर अमल करने की शिक्षा दीं और खुद भी उन पर अमल करके दिखाया।

दुनियावी चीजें मनुष्य, पशु, दृश्य प्रकृति, सब उसकी पैदा की हुई हैं। ईश्वर एकमात्र और उसका कोई साझी नहीं। शिर्क का अर्थ है किसी को अल्लाह के साथ जोड़ना या आप साझेदारी कह सकते हैं। यह अल्लाह की एकता के विपरीत है जो तौहीद है।

कुरान लोगों को सर्वशक्तिमान अल्लाह की एकता को स्वीकार करने के लिए कहता है और लोगों को उसके व्यक्तित्व या गुणों के साथ साझेदार बनाने से सख्ती से रोकता है। पवित्र कुरान में, अल्लाह ने कहा कि शिर्क एक बड़ा पाप है जिसे अल्लाह कभी माफ नहीं करेगा। इसलिए हमारे लिए शिर्क की गंभीरता और विभिन्न कृत्यों के बारे में जानना महत्वपूर्ण है जो हम अपने दैनिक जीवन में कर रहे हैं लेकिन हमें इसका एहसास नहीं है। मौलाना अबुल आस वहीदी ने इस्लामी तालीमी और मुसलमान की ज़िम्मेदारी पर रोशनी डाली।मौलाना शहाबुद्दीन मदनी ने इस्लाहे समाज में ख़वातीन का किरदार पर तफसील से बयान किया। मौलाना अब्दुल गनी सल्फी ने इत्तेबाय सुन्नत पर विस्तृत प्रकाश डाला।

इससे पूर्व कारी मोहम्मद ज़ुबैर फुरकानी ने कलामे पाक की तिलावत से कान्फ्रेंस का आगाज़ किया। सदारत मौलाना अब्दुल आस वहीदी और निजामत मौलाना अब्दुल मन्नान ने किया। हाजी बाबूलाल खान, मुजीबुल्लाह खान, तजम्मूल हुसैन, वसीउल्ला खान, हाफिज अतिकुर्रहमान, फैयाज अहमद, फैजानुल्लाह खान, मौलाना रईस अहमद, मौलाना वज़हुल कमर, डॉक्टर अजमल, मोहम्मद, मोहम्मद इलियास, फारोग ए आलम सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

फसल अवशेष को खेत में मिलाए और खेत की उर्वरक शक्ति बढ़ाए

पचपेड़वा(बलरामपुर)/मोहम्मद रईस: आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र पचपेड़वा केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ जगवीर सिंह ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के विषय में बताया तथा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए सुपर सीडर, रोटा वेटर, मल्चर, चौसर रिवर्सल एवम् वी प्लाऊ सुपर एस एम एस रोटा वेटर, वेलर रैक आदि सभी मशीन के द्वारा खेत में मिलाकर पोषक तत्व प्रबंधन का लाभ उठाए। फसल अवशेषों से कंपोस्ट तैयार कर खेत में प्रयोग करें। मक्का की कड़वी व धान की पुआल का खेत में ढेर बनाकर खुला छोड़ने के बजाए गड्ढो में कंपोस्ट बनाकर उपयोग करना आवश्यक है। जब भी किसान भाई खरीफ, रबी एवं जायद के फसलों की कटाई-मढ़ाई करते है, तो जड़ तथा पत्तियों के रूप में पादप अवशेष भूमि के अंदर एवं ऊपर उपलब्ध होते है। इनको लगभग 20 किग्रा यूरिया प्रति एकड़ की दर से मिट्टी में पलटने वाले हल से जुताई/पलेवा के समय मिला देने से पादप अवशेष लगभग 20-30 दिन के अंदर जमीन में सड़ जाते हैं जिससे मृदा में कार्बनिक पदार्थों एंव अन्य तत्वों की बढ़ोतरी होती है।

नसीराबाद थाने में दरोगा का घूस लेने देने का कथित वीडियो वायरल

नसीराबाद/रायबरेली : नसीराबाद थाने में वर्षों से तैनात एक दरोगा का घूस लेने देने का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है हालांकि इस बाबत पुलिस का कोई भी अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। वायरल वीडियो की पुष्टि संदेश वाहक नहीं करता है फिलहाल एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक युवक द्वारा दरोगा से दर्ज मुकदमे व चार्जशीट में हेराफेरी करने के ऐवज में सौदेबाजी कर रहा है जिसमें किसी महेंद्र का नाम भी लिया जा रहा है जो दरोगा की तरफ से रकम पहले बता चुका है जिसमें युवक मानडोली कर रहा है। पहले युवक दो सौ रुपए से शुरवात करता है फिर दरोगा के भड़कने पर रकम बढ़ाकर एक सफेद कागज में देते हुए कहत कि अभी इतने रख लीजिए काम होने पर और दे दूंगा। दरोगा जी सफ़ेद कागज का लिफाफा लेकर कहते कि सीओ साहब बुला रही है हमे जाना होगा। जिसके बाद वह बाइक से चला जाता है। वीडियो वायरल के बाद पुलिस का कोई जवाब नहीं आमा है। सर्किल सीओ बंदना सिंह का कहना है कि वह छुट्टी पर हैं वही एसपी के फ़ोन पर पीआरओ ने बताया कि अपर सर से बयान ले लीजिए। जब अपर को फोन मिलाया गया तो उनका सरकारी फोन बंद रहा।

पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को दबोचा

गोण्डा । पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा पश्चिमी राधेश्याम राय के के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज सौरभ वर्मा के नेतृत्व में थाना तरबगंज पुलिस द्वारा सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सर्वेश पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया गया। रात्रि अभियुक्त सर्वेश पाण्डेय द्वारा थाना तरबगंज क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर पूरे के रहने वाले जगदीश गौतम के घर से 01 अदद मोबाइल फोन व 01 जोड़ी पायल चोरी किया गया था। वादी की तहरीर पर थाना तरबगंज में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था। थाना तरबगंज पुलिस द्वारा अभियुक्त सर्वेश पाण्डेय को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद मोबाइल फोन व 01 जोड़ी पायल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

मतदाता जागरूकता अभियान में दिलाई गई निष्पक्ष मतदान की शपथ

सत्य और ईमान से बने सरकार, मतदान के लिए किया जागरूरु

तेजयुग न्यूज

महराजगंजतराई (बलरामपुर)/ पंकज मिश्र : विकासखंड तुलसीपुर के अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय कौवापुर के परिसर में मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया गया। ब्लॉक मुख्यालय पर वोटर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ था।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी तुलसीपुर राजीव मोहन त्रिपाठी की नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के लिए शपथ दिलाया गया। साथ ही ग्रहण स्लोगन लेखन व मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इस दौरान मौजूद ग्राम विकास अधिकारी रोजगार सेवक पंचायत सहायक व अन्य कर्मचारियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए खंड विकास अधिकारी तुलसीपुर राजीव मोहन त्रिपाठी ने उपस्थित सचिव व कर्मचारी से आह्वान किया कि एक मजबूत लोकतंत्र की बुनियाद में मतदाताओं की बहुत बड़ी भूमिका होती है।

शपथ दिलाते हुए उन्होंने कहा 'हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखतेहुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें 'लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए स्वयं व अन्य को बिना किसी भेदभाव व राग द्वेष के वोट देने व अन्य को प्रेरित करेंगे। वोट प्रतिशत बढाना है के स्लोगन से अन्य लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर ग्राम प्रधान नंदकुमार वर्मा ,ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार , नीरज कुमार ,अनिल कुमार प्रथम ,अनिल कुमार द्वितीय ,मीनाक्षी राव ,दिनेश कुमार ,जय नारायन कुशवाहा, प्रदीप वर्मा ,श्यामलाल, कौशल किशोर, सुनील कुमार ,आशीष कुशवाहा ,उदय राज, रिंकू वर्मा ,धर्मेंद्र सिंह ,राजेश तिवारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

खोड़ारे पुलिस ने दुराचारी को धरदबोचा

गोण्डा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मोहन को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना खोड़ारे क्षेत्र की रहने वाली एक महिला द्वारा थाना खोड़ारे में लिखित तहरीर दी गयी की विपक्षी मोहन द्वारा उसकी नाबालिग लड़की के साथ दुराचार किया गया है। वादिनी की तहरीर पर थाना खोड़ारे में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना उ.नि. प्रदीप कुमार गंगवार द्वारा की जा रही थी। विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त मोहन को आज थाना खोड़ारे पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

फसल अवशेष को खेत में मिलाए और खेत की उर्वरक शक्ति बढ़ाए

पचपेड़वा(बलरामपुर)/मोहम्मद रईस : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र पचपेड़वा केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ जगवीर सिंह ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के विषय में बताया तथा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए सुपर सीडर, रोटा वेटर, मल्चर, चौसर रिवर्सल एवम् वी प्लाऊ सुपर एस एम एस रोटा वेटर, वेलर रैक आदि सभी मशीन के द्वारा खेत में मिलाकर पोषक तत्व प्रबंधन का लाभ उठाए। फसल अवशेषों से कंपोस्ट तैयार कर खेत में प्रयोग करें। मक्का की कड़वी व धान की पुआल का खेत में ढेर बनाकर खुला छोड़ने के बजाए गड्ढो में कंपोस्ट बनाकर उपयोग करना आवश्यक है। जब भी किसान भाई खरीफ, रबी एवं जायद के फसलों की कटाई-मढ़ाई करते है, तो जड़ तथा पत्तियों के रूप में पादप अवशेष भूमि के अंदर एवं ऊपर उपलब्ध होते है। इनको लगभग 20 किग्रा यूरिया प्रति एकड़ की दर से मिट्टी में पलटने वाले हल से जुताई/पलेवा के समय मिला देने से पादप अवशेष लगभग 20-30 दिन के अंदर जमीन में सड़ जाते हैं जिससे मृदा में कार्बनिक पदार्थों एंव अन्य तत्वों की बढ़ोतरी होती है।